**महाशिवरात्रि** भगवान भोलेनाथ की आराधना का महापर्व महाशिवरात्रि आज

# जगह-जगह होंगे शिवाभिषेक निकलेगी बारात

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** भगवान भोलेनाथ की आराधना पूजन का महापर्व शिवरात्रि पर्व पर आज नगर के शिवालयों में साज सज्जा की गई है वहीं दिन भर पूजन अर्चन का दौर जारी रहेगा। जगह जगह शिवाभिषेक होंगे ।सुबह से ही श्रद्धालु जन पुण्य सलिला मां नर्मदा में स्नान कर भगवान भोलेनाथ का नर्मदा जल से शिवाभिषेक करेंगे। तथा दोपहर में विशाल बारात शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली जाएगी ।अखंड रामायण पाठ सुंदरकांड पाठ भजन कीर्तन भी दिन भर चलेंगे।


## निकलेगी कांवर यात्रा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ को नर्मदा चल चढ़ाने के लिए पुण्य सलिला मां नर्मदा के ककरा घाट से भगवान शूलपांणेश्वर खमरिया बरांझ स्थित कुटी तक एक विशाल पैदल कांवर यात्रा निकाली जायेगी जिसमें छोटे छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग भी शामिल होंगे ।कुटी में जलाभिषेक पूजन अर्चन के उपरांत यात्रा का समापन होगा।



## तिल तिल बढ़ रहे शूलपांणेश्वर

तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समीपी ग्राम खमरिया बरांझ में अंग्रेजी शासन काल के दौरान नर्मदा परिक्रमा के दौरान भगवान शूलपांणेश्वर भगवान की पिंडी यहां पर विराजमान की गई थी जो तिल तिल बढ़ कर बड़े शिवलिंग का आकार लेती जा रही है ।यह शिवालय जन आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर शिवाभिषेक कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करवाते हैं। बुजुर्ग बताते हैं कि धूनी वाले दादा जी के शिष्य रविनंद जी महाराज जिन्हें काका गुरु के नाम से संबोधित किया जाता था। उनके द्वारा अनेकों बार नर्मदा जी की परिक्रमा की गई थी ।इसी परिक्रमा में काका गुरु द्वारा साथ लेकर चल रहे शिवलिंग की पूजन-अर्चन प्रतिदिन की जाती थी। खमरिया बरांझ में एक विशाल पीपल बरगद के वृक्ष की छांव तले काका गुरु की जमात विश्राम कर रही थी कि ग्राम के बुजुर्गों द्वारा उनसे चौमासा यहीं पर करने का निवेदन किया तब उन्होंने निवेदन स्वीकार किया और वहीं पर एक कच्चा खपरेल झोपड़ी नुमा कमरा में ठहर गये चार माह पूजन अर्चन के उपरांत जब वह जाने लगे तब शिव जी पिंडी नहीं उठी तो यहीं पर विराजमान कर दी गई और लक्ष्मण दास जी महाराज के द्वारा शूलपांणेश्वर भगवान की स्थापना कर दी गई ।तभी से यह प्रतिमा यहां पर विराजमान है। मंदिर के उचित रखरखाव और पूजन अर्चन हेतु पांच एकड़ भूमि गांव के प्रतिष्ठित जनों द्वारा लगाई गई है। और समीति बनाई गई है जिसके माध्यम से आज पूजन अर्चन धार्मिक अनुष्ठान चलते रहते हैं।



### पीपल के वृक्ष में स्थित शिव लिंग

तेंदूखेड़ा से केसली सड़क मार्ग के बीच ग्राम चौका के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर श्रद्धालुओं द्वारा एक पीपल के वृक्ष के समीप शिवलिंग की स्थापना की गई थी जो बढ़ते हुए लगभग पांच दशक में इतना बड़ा रुप ले लिया है कि पीपल के वृक्ष ने अपने मुख्य तने के बीच भगवान शिव को विराजित कर लिया है ।जो जनास्था का केंद्र बना हुआ है।

# अशोक-ऋषि को किया याद, खिचड़ी वितरण कर दी श्रद्धांजलि

**नवभारत/ गाडरवारा।** कांग्रेस नेता स्वर्गीय अशोक नीखरा एवं ऋषि राज चौहान की पुण्यतिथि नगर के कांग्रेस नेताओं द्वारा अशोक चौक पर तेल चित्र पर माला चढ़ा कर शासकीय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को खिचड़ी वितरित कर मनाई गई। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन अशोक चौक पर किया गया। जिसमें दोनों नेताओं के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो पर चलने की बात कहीं गई। कार्यक्रम की शुरूआत दोनो नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर हुई। तत्पश्चात नगर के वरिष्ठ कांग्रेस ने एच व्ही रफीक द्वारा दो मिनिट का मौन रखकर दोनो दिवंगतों को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई ।इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अनीता रवि शेखर जायसवाल, शिवकुमार नीखरा, बसंत डागा, डॉक्टर उमाशंकर दुबे विनोद नीखरा केंद्र सिंह, अभिनव ढिमोले, लालमन कौरव गिरीश गुप्ता, बंटू गुप्ता सतीश सैनी कैलाश पंड्या, बल्ली शर्मा मोनू झिरा, उमेश नीरस, सतीश नीखरा, ओम बडोनिया ,अशोक मंगलानी ,अनुपम ढिमोले, रमेश अग्रवाल ,अनिल साहू ,विनोद ठाकुर ,राजेश जैन, ,राजेंद्र सिंह ठाकुर, शरद सिंह ठाकुर, सतीश सैनी, राजेश नीरस, लालमन कौरव,आशीष गुप्ता, इन




सभी ने अपने विचार रखें दोनों नेताओं को याद किया गया। ज्ञात हो कि स्वर्गीय अशोक नीखरा कांग्रेसी नेता के रूप में शहर जिला व प्रदेश और देश में अच्छी खासी युवाओं में पेड बनाए हुए थे जिले का युवा नेता होने के नाते युवा नेता इन्हें अपना आदर्श मानते थे। गाडरवारा नगर की गरीब बस्तियों में भी अशोक नीखरा को लोग भगवान के रूप में देखने लगे थे। वह दूसरों के दुख दर्द अपने ही समझ कर लोगों की मदद करा करते थे। दिनांक 14 फरवरी 1994 को दमोह से युवक कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मनिंदर सिंह बिट्टा की सभा से वह गृह नगर लौट रहे थे तभी रास्ते में एक एक्सीडेंट में अशोक नीखरा एवं ऋषि राज उनके साथी के साथ इस दुनिया से अलविदा कह कर गए थे । उनकी 25 वी पुण्यतिथि में उन्हें लोगों ने याद किया। इस मौके पर युवा नेता नीरज मेहता, बल्ली शर्मा, सुनील राजपूत, कपिल नीखरा, यू का नेता तिलक राज चौहान, अखिलेश खताल, अंकित नीखरा, ऋषि खंताल, सुनील सीजारिया, निलेश साहू, मयंक शर्मा काव्या नीखरा, कुशाग्र नीखरा, टीपू खान, साबिर शाह, शहजाद खान, विनोद मालवीय, रहीम खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। मंच संचालन युवा नेता अवधेश रुसिया ने किया वहीं शिव कुमार नीखरा,ने सभी उपस्थित जन का आभार व्यक्त किया।

# श्रद्धा के साथ विधिपूर्वक शिवार्चन करने से कामनाओं की सिद्धि

**तेंदूखेड़ा।** भगवान शिव की पूजा अत्यंत फलदायी होती है। शिव पूजन से सभी कष्टों की निवृत्ति होती है । मानसिक शांति सुख समृद्धि ऐश्वर्य गृहशांति आदि की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में शिव पूजन की अनेकों विधियां हैं। हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य चतुष्टय पं प्रमोद पचौरी ने शिवार्चन के संबंध में बताया कि गोदुग्ध से अभिषेक करने से पुत्र संतान की प्राप्ति होती है। दही से अभिषेक करने से सुख समृद्धि भवन वाहन आदि भौतिक सुखों की प्राप्ति मानसिक शांति की प्राप्ति होती है ।गोघृत से अभिषेक करने से पुष्टि की प्राप्ति होती है ।मधु से अभिषेक करने से रोग मुक्ति बीमारी से छुटकारा मिलता है। गन्ना रस से लक्ष्मी की प्राप्ति, इत्र से यश कीर्ति में वृद्धि होती है ।जीवन में



निरंतर आ रही व्याधियों की शांति के लिए कुशोदक से अभिषेक करना चाहिए। समय पर वर्षा सुवृष्टि आदि के लिए जलधारा से शिवजी का अभिषेक करना चाहिए। प्रसिद्धि की प्राप्ति के लिए गंधोदक से, शर्करा मिश्रित दुग्ध से सद्बुद्धि की प्राप्ति के लिए भगवान सदा शिव का अभिषेक करना चाहिए। शत्रुता का भाव शत्रु बुद्धि के शमन और मित्रवत् प्रीति लाभ के लिए सरसों तेल से अभिषेक करना चाहिए।

### नवग्रह शांति के लिए शिवार्चन

सूर्य की शांति और अनुकूलता की प्राप्ति के लिए रक्त चंदन मिश्रित जल से अभिषेक और लाल पुष्पों से शिवार्चन करना चाहिए। चंद्र की अनुकूलता के लिए श्वेत चंदन मिश्रित जल से और दुग्ध धारा से अभिषेक श्वेतार्क सफेद इत्र अक्षत आदि से शिवजी का अर्चन करना चाहिए। मंगल ग्रह की शांति के लिए लाल चंदन लाल पुष्प और विविध प्रकार के लाल द्रव्यों से शिवजी का अर्चन करें। बुध की शांति और अनुकूलता की प्राप्ति के लिए बिल्वपत्र से शिवजी का सहस्त्रार्चन करना चाहिए। गुरु बृहस्पति की प्रसन्नता के लिए पीले चंदन इत्र से मिश्रित जल से अभिषेक शहद से अभिषेक पीले पुष्पों से शिवार्चन करना चाहिए।

# परमहंसी गंगा आश्रम कामेश्वर मंदिर में त्रिदिवसीय भव्य महोत्सव

**गोटेगांव।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर परमहंसी गंगा आश्रम स्थित कामेश्वर मंदिर में भव्य त्रिदिवसीय महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। स्वामीश्री सदानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में आयोजित इस उत्सव को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की गई हैं। रविवार को महाशिवरात्रि के विशेष योग पर भगवान कामेश्वर का दिव्य अभिषेक, पूजन और श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर के पुजारियों के अनुसार, महोत्सव के दौरान चारों प्रहर का विशेष पूजन और विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान संपन्न होंगे। साथ ही सत्यम राजपूत सत्संग मंडली हुई द्वारा भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी



जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए दिनभर भंडारे और फलाहार की व्यवस्था रहेगी। मंदिर समिति ने सभी भक्तों से सपरिवार सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# पागल कुत्तों का तांडव, 10 से अधिक मवेशियों की मौत

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले के जनपद पंचायत चीचली अंतर्गत ग्राम पंचायत पुआरिया में पिछले कई दिनों से आवारा और संक्रमित (पागल) कुत्तों ने भारी आतंक मचा रखा है। कुत्तों के हमले और संक्रमण के चलते गांव में अब तक 10 से अधिक दुधारू मवेशियों गाय,बछड़े की दर्दनाक मौत हो चुकी है। मवेशियों की लगातार हो रही मौतों से जहां एक ओर पशुपालकों को भारी आर्थिक क्षति हुई है, वहीं पूरे गांव में इंसानों पर हमले का खतरा और रेबीज फैलने का डर व्याप्त है।

**लाशों का अंबार, संक्रमण का खतरा:** ग्रामीणों ने बताया कि पागल कुत्तों के काटने के कुछ ही समय बाद मवेशी दम तोड़ देते हैं। विडंबना यह है कि मृत पशुओं के



शवों को वैज्ञानिक तरीके से दफनाने के बजाय उन्हें गांव के पास एक गड्ढे में फेका जा रहा है इससे न केवल दुर्गंध फैल रही है, बल्कि अन्य जानवरों और पक्षियों के जरिए संक्रमण फैलने की आशंका कई गुना बड़ गई है।

**सरपंच-सचिव की चुप्पी पर फूटा गुस्सा:** ग्रामीणों का आरोप है कि स्थिति की गंभीरता के बावजूद ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव पूरी तरह मौन हैं। पशुपालन विभाग और जनपद पंचायत चीचली को भी इस भयावह स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी गांव नहीं पहुंचा। प्रशासन की इस उदासीनता के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। हमारे जानवर हमारी आजीविका का साधन हैं। प्रशासन की लापरवाही से न केवल हमारे मवेशी मर रहे हैं, बल्कि अब छोटे बच्चों को घर से बाहर निकालने में भी डर लगता है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो हम आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## एक नजर में

### स्वदेशी मेला का भव्य समापन समारोह आज

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन (स्वदेशी जागरण मंच की इकाई) द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला 2026 का समापन समारोह 15 फरवरी 2026, रविवार को सायं 7:00 बजे स्टेडियम ग्राउंड, नरसिंहपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में श्री ब्रह्मऋषि बाल योगेश्वर संतश्री 108 श्री रामचरण दास त्यागी जी महाराज एवं मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय सह संयोजक (केंद्र दिल्ली) सतीश जी करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मण्डला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, मोहन नागर पदमश्री (उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद म.प्र) विधायक गोटेगांव महेंद्र नागेश, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति निलेश काकोडिया, जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक एवं मेला सह संयोजक नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पं. नीरज दुबे सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि स्वदेशी मेला का उद्देश्य स्वरोजगार को बढ़ावा देना, देश में निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहित करना तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में जनजागरण करना है। समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वदेशी भावना को और सशक्त किया जाएगा। जिला संयोजक उदय सिंह ठाकुर ने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### पुरानी बुराई को लेकर की मारपीट

**नवभारत/ गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम आमगांव छोटा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि पडौस में रहने वालो मुकेश जाटव आया और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालियां देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा अपने पास में रखे हुये तेज धारदार हथियार से मारपीट करते हुये पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### कार्तिकेय और गणेश जी के जन्म एवं विवाह प्रसंग का मार्मिक वर्णन

**नवभारत/ गोटेगांव।** नगर स्थित साहू मोहल्ला में आयोजित पावन शिव पुराण कथा के दौरान आचार्य प्रसून तिवारी (राम जी महाराज) के श्रीमुख से भगवान कार्तिकेय एवं प्रथम पूज्य भगवान गणेश के दिव्य जन्म और उनके विवाह प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के माध्यम से आचार्य श्री ने श्रद्धालुओं को इन दोनों दिव्य स्वरूपों की उत्पत्ति के आध्यात्मिक रहस्य और उनके विवाह से जुड़ी पौराणिक कथाओं को अत्यंत सरल और हृदयस्पर्शी शैली में समझाया। कथा के दौरान आचार्य श्री ने बताया कि भगवान कार्तिकेय जहां धर्म रक्षा, अपार शौर्य और पराक्रम के प्रतीक हैं, वहीं भगवान गणेश बुद्धि, सिद्धि और समस्त विघ्नों को हरने वाले देवता के रूप में पूजित हैं। आचार्य जी ने विस्तार से वर्णन किया कि किस प्रकार इन दोनों देवों का अवतार जगत कल्याण के लिए हुआ।



# लटक रही जर्जर विद्युत केबिल लाइन

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** नगर सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति को लेकर समुचित प्रयास जारी हैं। लेकिन तहसील मुख्यालय में जर्जर हो चुकी केबिल लाइन अभी भी जहां तहां लटकती हुई देखी जा सकती है ।इस लटकती हुई केबिल लाइन के कारण बाहनों के निकलने में परेशानी हुआ करती है। उपभोक्ताओं ने अपेक्षा व्यक्त की है कि शीघ्र ही जर्जर विद्युत केबिल लाइन को बदलकर गुणवत्ता पूर्ण तरीके से व्यवस्थित रूप से लगाई जाये।

# श्रद्धा के सैलाब के बीच मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज का आगमन

**नवभारत/ गोटेगांव।** धर्म और आस्था की नगरी गोटेगांव के लिए शुक्रवार का दिन एक अविस्मरणीय और गौरवशाली अध्याय बनकर उभरा। आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य और नवाचार्य श्री 108 समयसागर महाराज के पावन कृपापात्र मुनि श्री 108 प्रमाण सागर महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश अत्यंत भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। मुनि संघ के नगर आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में जो उत्साह पिछले कई दिनों से देखा जा रहा था, वह आज सुबह सड़कों पर जनसैलाब के रूप में उमड़ पड़ा। प्रात: 7:30 बजे जैसे ही संतों का पद-विहार मैदा मिल बायपास तिराहा पहुंचा, वहां उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ आकाश गुंजा दिया और भक्तिभाव से संतों की अगवानी की। मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज के साथ संघ में विराजमान क्षुल्लक 105 श्री चिद्रूपसागर महाराज, क्षुल्लक 105 श्री आदरसागर महाराज एवं क्षुल्लक



105 श्री स्वरुपसागर महाराज के पावन दर्शन पाकर भक्त भाव-विभोर हो उठे। सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा आयोजित इस भव्य प्रवेश के दौरान नगर के मुख्य मार्गो से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसने गोटेगांव को मिनी कुंभ के रूप में तब्दील कर दिया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने अपने घरों के सामने आकर्षक रंगोलियां सजाई और संतों के पाद प्रक्षालन कर पुष्पवर्षा से समूचे मार्ग को महका दिया। विशेष रूप से पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवाओं, महिलाओं और नन्हे बच्चों की टोली ने इस आध्यात्मिक आयोजन की गरिमा में चार चाँद लगा दिए। नगर के प्रमुख चौराहों पर हुए भव्य स्वागत और जयघोष के बीच समूचा वातावरण वैराग्य और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। समाज के पदाधिकारियों ने सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि संतों के इस पावन प्रवास के दौरान नगर में नियमित रूप से धर्मसभा, मंगल प्रवचन और विभिन्न मांगलिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र के श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होगा। संतों के सानिध्य से गोटेगांव का कोना-कोना अब भक्तिमयी ऊर्जा से ओतप्रोत हो चुका है।

# भाई ने भाई के साथ की मारपीट

**नवभारत/ गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह कही बाजर जाने के लिये रेल्वे स्टेशन गया था। उसी दौरान परिवार के सदस्य द्वारा प्रार्थी को फोन पर सूचना दी गई कि उसका बड़ा भाई अमीर कहार शराब के नशे में आकर घरेलू बातो को लेकर मारपीट कर रहा है और पेट्रोल डालकर घर के कपडो सहित अन्य सामग्री में आग लगा दिया है। सूचना मिलने पर जब प्रार्थी अपने घर पहुंचकर भाई को समझाने लगा तो इसी बात को लेकर उसने प्रार्थी के साथ भी गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने छोटे भाई की शिकायत पर आरोपी बडे भाई के खिलाफ मामला कायम करते हुये।

# हर घर तक शुद्ध जल का संकल्प : तेजी से मजबूत हो रही पेयजल व्यवस्था

**नवभारत/ करेली।** नगर पालिका परिषद करेली द्वारा पेयजल व्यवस्था को मजबूत और आधुनिक बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर के मार्गदर्शन में सभी वार्डों में पाइपलाइन लीकेज सुधार,पानी की गुणवत्ता परीक्षण,नई पाइपलाइन बिछाने और टंकियों के निर्माण जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। नगरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और नियमित जल आपूर्ति उपलब्ध कराना प्राथमिकता में शामिल है।

**अध्यक्ष ममार के निर्देशन में प्लांट से घर-घर तक पानी की सख्त निगरानी:** से रातीकरार स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की प्रयोगशाला में केमिस्ट रितिक द्वारा प्रतिदिन पानी की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच की जा रही है। पीएच, टीडीएस सहित अन्य मानकों का परीक्षण कर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही श्री शिवाय स्व



सहायता समूह को टेस्टिंग किट प्रदान दी गई है। स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा घर घर जाकर पानी की गुणवत्ता की जांच की जाती है यदि कहीं गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही है, जिससे जल जनित बीमारियों की रोकथाम हो सके ।नगरपालिका द्वारा नालियों के संपर्क में आ रही पाइपलाइनों को अलग कर ऊंचा करने का अभियान चलाया जा रहा है। सैडल लगाकर पाइपलाइन को सुरक्षित किया जा रहा है, ताकि किसी भी स्थिति में गंदा पानी पेयजल में न मिल सके। इस तकनीकी सुधार से शहर की जल आपूर्ति प्रणाली और अधिक सुरक्षित हुई है ।शहर में बड़ी पाइपलाइनों के लीकेज की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने पाए गए बड़े लीकेज को तुरंत दुरुस्त किया गया, जिससे जल आपूर्ति प्रभावित नहीं हुई। जल की बर्बादी रोकने और निरंतर सप्लाई बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बाल ऑपरेटिंग चैंबरों का निर्माण भी कराया जा रहा है।

### निर्माण पूर्ण

महेंद्र वार्ड पार्क स्थित पानी की टंकी का कोर्ट स्टे हटवाकर का निर्माण पूर्ण हो चुका है जिससे जल्द ही पानी की टंकी से पाइप लाइन को जोड़कर पानी सप्लाई किया जाएगा अभी परीक्षण चल रहा है, जबकि सोमवार बाजार 1000 के.एल.की क्षमता और बस्ती में 250 के.एल. क्षमता की टंकियों का निर्माण कार्य जारी है। टंकियों के निर्माण से जल भंडारण क्षमता बढ़ेगी और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी पर्याप्त प्रेशर से पानी की आपूर्ति की जा सकेगी। महेंद्र वार्ड एवं महादेव वार्ड में शीघ्र ही बेहतर प्रेशर के साथ जल सप्लाई प्रारंभ की जाएगी। नगरपालिका अध्यक्ष सुशीला ममार के नेतृत्व में चल रहे इन कार्यो से करेली में पेयजल व्यवस्था को नई मजबूती मिल रही है। गुणवत्ता, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से शहर में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का अभियान निरंतर जारी है।

# बारात लेकर आ रही बस के ड्राइवर के साथ खूनी संघर्ष और लूट

**नवभारत/ गोटेगांव।** जबलपुर से गोटेगांव बारात लेने आ रही एक निजी बस के ड्राइवर और कंडक्टर के साथ ग्राम सिमरिया रेलवे फाटक के पास अज्ञात हमलावरों ने बर्बरतापूर्वक मारपीट कर लूटपाट की। यह घटना निर्माणाधीन ब्रिज के समीप घटित हुई, जहां सफेद कार और मोटरसाइकिल से आए आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने बस को बीच रास्ते में रुकवा लिया। हमलावरों ने साइड न देने का झूठा आरोप लगाते हुए गाली-गलौज शुरू की और विरोध करने पर लाठी-डंडों से बस के कांच और दरवाजे तोड़ दिए। इस हिंसक हमले में बस ड्राइवर नूरुद्दीन खां के सिर, कान और पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि कंडक्टर अजीज खान भी घायल हुए हैं। बदमाशों ने ड्राइवर के पास रखे डीजल के तीस हजार रुपये नकद और उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना की



सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने घायलों को उपचार के लिए गोटेगांव के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। बस मालिक सलीम खान के निर्देश पर ड्राइवर ने गोटेगांव पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और फरियादी के बयानों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।